उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ-226010

संं0- 15 /12/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह)/2024-25/12-परीक्षा/2024

लखनऊः दिनांक 22 जनवरी, 2025

शुद्धि-पत्र-02

आयोग के **विज्ञापन संख्या-12-परीक्षा/2024, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2023)/12** के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के कुल रिक्त 2702 {2568 (सामान्य चयन) + 134 (विशेष चयन)} पदों पर चयन हेतु दिनांक 26-11-2024 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन / शुल्क जमा करना प्रारम्भ होने की तिथि 23-12-2024, ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा /आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 22-01-2025 तथा शुल्क समायोजन एवं आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि 29-01-2025 निर्धारित है।

सूच्य है कि आयोग की आवश्यक सूचना संख्या- 14/12/विज्ञापन अनुभाग (ग्यारह)/2024-25/12-परीक्षा/2024, दिनांक- 20-01-2025 द्वारा प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के रिक्त पदों को भी उक्त विज्ञापन के अंतर्गत सम्मिलित करते हुए संशोधित कुल 3166 [2987 (सामान्य चयन) + 179 (विशेष चयन)] पदों पर चयन की कार्यवाही किये जाने के संबंध में सूचना प्रकाशित की गयी थी।

उक्त के क्रम में संबंधित अभ्यर्थियों को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विभागों के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के 118 (सामान्य चयन) पदों को भी उक्त विज्ञापन के अंतर्गत सम्मिलित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत अब संशोधित कुल **3284 [3105 (सामान्य चयन) + 179 (विशेष चयन)] पदों** पर चयन की कार्यवाही की जाएगी।

1- प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त विभागवार सम्मिलित किये जा रहे पदों की संख्या व उनके सापेक्ष लम्बवत आरक्षण का विवरण-

क्र. सं.	विभाग का नाम	पदनाम	लेवल/ वेतनमान/ वेतन बैन्ड/ ग्रेड-पे	अधियाचित कुल रिक्त पदों का आरक्षणवार विवरण						अभ्युक्ति
				अनारक्षित	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए (E.W.S.)	कुल पद	स्थायी/ अस्थायी
1	राजस्व परिषद	कनिष्ठ सहायक (जनपद स्तर)	लेवल-3, वेतनमान (न्यूनतम): 5200, वेतनमान (अधिकतम): 20200	44	33	01	26	03	107	स्थायी/ अस्थायी
2	रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स उ0प्र0	कनिष्ठ सहायक	लेवल-3, वेतनमान (न्यूनतम): 21700, वेतनमान (अधिकतम): 69100, ग्रेड-पे 2000	06	03	00	01	01	11	स्थायी
कुल पद				**50**	**36**	**01**	**27**	**04**	**118**	

2- प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत पूर्व में विज्ञापित पदों के अतिरिक्त विभागवार सम्मिलित किये जा रहे पदों की संख्या व उनके सापेक्ष क्षैतिज आरक्षण का विवरण-

क्षैतिज आरक्षण का विवरण											
				दिव्यांगजन / पद संख्या व विभाग द्वारा चिन्हांकित उप श्रेणियां							
क्र. सं.	विभाग का नाम	पदनाम	स्व0 संग्राम सेनानी के आश्रित	(क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता	(ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास	(ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी निःशक्तता	(घ) स्वपरायणता, बौद्धिक निःशक्तता, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थता	(ड़) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु निःशक्तता, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक निःशक्तता के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर-अंधता सम्मिलित है (MD)	सैन्य वियोजित /भूतपूर्व सैनिक	महिला	उत्कृष्ट खिलाड़ियों हेतु
1	राजस्व परिषद	कनिष्ठ सहायक (जनपद स्तर)	00	00 (B, L.V.)	00 (H.H.)	00 (O.L.,L.C., Dw., A.A.V.)	--	00 (MD)	00	12	00
2	रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स उ0प्र0	कनिष्ठ सहायक	00	00 (L.V.)	--	00 (O.L., M.Dy.)	--	--	00	02	00
कुल पद			**00**	**00**	**00**	**00**	**--**	**00**	**00**	**14**	**00**

दिव्यांगता की श्रेणी/ उपश्रेणी से सम्बन्धित विवरण

- B. (बी)- Blind (दृष्टिहीनता)
- L.V. (एल0वी0)-Low Vision (कम दृष्टि)
- H.H. (एच0एच0)- Hard of Hearing (श्रवण शक्ति में ह्रास)
- O.L. (ओ0एल0)- One Leg Affected (एक पैर प्रभावित)
- L.C. (एल0सी0)- Leprosy Cured (रोगमुक्त कुष्ठ)
- Dw. (डीडब्लू0)- Dwarfism (बौनापन)
- A.A.V. (ए0ए0वी0)- Acid Attack Victims (एसिड आक्रमण पीड़ित)
- M.Dy (एम0डीवाई0)- Muscular Dystrophy (पेशीय दुष्पोषण)
- M.D. (एम0डी0)- Multiple Disabilities (बहु दिव्यांगता)

सूच्य है कि यह शुद्धि-पत्र आयोग के **विज्ञापन संख्या-12-परीक्षा/2024, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2023)/12**, दिनांक 26-11-2024 के अनुक्रम में है। इसके अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया, आवेदन शुल्क, पद हेतु विहित अनिवार्य शैक्षिक व अन्य अर्हताएं, आयु-सीमा, चयन का आधार एवं विहित शर्तें व अनुदेश वहीं रहेगें, जो पूर्व में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत प्रकाशित किये गये हैं।

ऐसे समस्त अभ्यर्थी, जो पूर्व में आयोग के **विज्ञापन संख्या-12-परीक्षा/2024, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2023)/12** के अंतर्गत अपना ऑनलाइन आवेदन सबमिट कर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। उनके द्वारा पूर्व में सबमिट किया गया आवेदन ही उपर्युक्त रिक्तियों के लिए भी मान्य होगा।

अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि **विज्ञापन संख्या-12-परीक्षा/2024, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा (प्रा0अ0प0-2023)/12** के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन/ शुल्क जमा/ आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि पूर्व की भांति यथावत रहेंगी।

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।